3

Title: Re: Overall development of Gadchiroli-Chimur district including religious spots.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान महाराष्ट्र के अपने संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं ।

सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र शायद देश का सबसे बड़ा, घना, आदिवासी बहुल, नक्सल प्रभावित, अविकसित, आकांक्षी और औद्योगिक क्षेत्र है । मेरे संसदीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फॉरेस्ट है । वहाँ प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा भी है ।

सभापति महोदय, यही नहीं, बल्कि वहाँ ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल भी बड़े पैमाने पर हैं । मेरे क्षेत्र के सपराड़ा, कछारगढ़, मार्केण्डेश्वर, बीनागुण्डा, भंवरागढ़, अरगतोण्डी, रामदेगी और गायमुख में बड़े पैमाने पर धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल है । वहां शिवरात्री उत्सव के अवसर पर बड़े पैमाने पर लोग आते-जाते रहते हैं । वहाँ लाखों श्रद्धालु आते हैं, लेकिन अभी तक उन क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास नहीं हुआ है ।

माननीय सभापति : आप अपनी मांग रखिए।

श्री अशोक महादेवराव नेते : सभापति महोदय, मेरी डिमांड है कि वहाँ कम से कम रास्ता, ब्रीज, पीने की पानी, शौचालय, भक्त निवास, सांस्कृतिक केंद्र, धर्मशाला और बगीचा इत्यादि की व्यवस्था करनी चाहिए ।

16.00 hrs

मेरी आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग है कि ये सभी धार्मिक स्थल हैं, अगर इन सभी धार्मिक स्थलों को पर्यटन सूची में डालें और विकास करें तो सभी धार्मिक स्थलों का विकास होगा।